प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

पंचायत चुनाव

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में फिलहाल नई पंचायतों का गठन नहीं किया जाएगा। वे आज नाहन में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तय समय के भीतर ही राज्य में पंचायती राज चुनाव संपन्न करवाएं जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार नीतिगत फैसले लेती रहेगी और वर्ष 2027 तक हिमाचल को एक आत्मनिर्भर राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी वायदे के मुताबिक राज्य सरकार ने अभी तक सात गारंटियों को पूरा कर लिया है।

राज्यपाल

प्रदेश के निवर्तमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल में टी.बी. के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। शिमला में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि टी.बी. मुक्त हिमाचल का लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर गंभीरता से कार्य करना होगा।

शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नशा मुक्त हिमाचल अभियान को भी आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि इस दिशा में अभी और अधिक प्रयास करने की ज़रूरत है ताकि हिमाचल को पूरी तरह नशामुक्त बनाया जा सके।

गौरतलब है कि शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। उनके सम्मान में विदाई समारोह कल 9 मार्च को लोकभवन शिमला में आयोजित किया जाएगा। दूसरी ओर प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता का कल शाम शिमला पहुंचने का कार्यक्रम है। वे 10 मार्च को प्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह नाहन में आयोजित किया गया जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने ऐलान किया कि राज्य में क्लास थ्री की भर्ती में महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा और इसके लिए सरकार कानून में भी बदलाव करेगी।

मुख्यमंत्री ने नाहन मैडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए 5 सौ करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने नाहन विधानसभा क्षेत्र में करीब एक सौ 90 करोड़ रुपये की लागत वाली 17 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

अन्य कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश के सभी ज़िलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। घुमारवीं क्षेत्र की संलाओ पंचायत में हुए कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने संतुलित सामाजिक विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।

इधर शिमला में खेल मंत्रालय द्वारा स्वायत संस्था मेरा युवा भारत व प्रदेश खेल व युवा सेवा विभाग द्वारा दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनैस के प्रति जागरूक किया गया। धर्मशाला में भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। इस अवसर पर एस.डी.एम.

शिल्पी बेक्टा ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को पहचानने का अवसर है।

सराहन दौरा

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज रामपुर के समीप सराहन स्थित सशस्त्र सीमा बल के ए.टी.सी. प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। अग्निहोत्री ने कहा कि इस प्रशिक्षण केंद्र को पूर्ण क्षमता से संचालित करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा ताकि ये केंद्र और अधिक प्रभावी ढंग से देश सेवा में अपनी अहम भूमिका निभा सके।

....